# मृतकों के परिजनों को सम्मानजनक राहत राशि दी जाए : कांग्रेस



**सिवनी, नवभारत।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के स्वरूप में परिवर्तन एवं इंदौर के भागीरथपुरा में नगर निगम की लापरवाही से दूषित जल के पीने से हुई 18 मौत एवं सैकड़ो बीमार हुये, इस बात को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकारो से बात करते हुये श्री मरावी ने कहा कि केन्द्र सरकार चुनाव में किये गये अपने वादो को पूरा नही कर पा रही है, कांग्रेस सरकार के समय की योजनाओं का नाम एवं स्वरूप बदलकर जनहितैषी योजनाओ पर पलीता लगा रही है। फरवरी 2006 में केन्द्र की मनमोहन सरकार द्वारा देश के ग्रामीण क्षेत्रो में गरीब मजदूर किसानों के लिए 100 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई थी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो के रहन सहन का स्तर में सुधार हुआ था और आर्थिक रूप से लोग मजबूत हुये थे, 2014 से लेकर 2025 तक भाजपा सरकार ने इस योजना के अन्तर्गत आंकडे बताते है कि 44 दिन का काम दिया है जबकि 90 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार और 10 प्रतिशत राज्य सरकार दिया करती थी। वर्तमान में जो महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में केन्द्र सरकार द्वारा 125 दिन का काम देने की बात कही है जिसमें 60 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करेगी। केन्द्र सरकार भी कर्ज में डूबी है मध्यप्रदेश सरकार की बात की जाए तो वर्तमान में म.प्र. सरकार के उपर नवम्बर 2025 के आंकडो के अनुसार लगभग 4.64 लाख करोड़ रूपय का कर्ज है और प्रत्येक माह 3 हजार करोड़ से लेकर 5 हजार करोड़ रूपय तक का कर्जा लिया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह के समय म.प्र. पर मात्र 20 हजार करोड़ रूपय का कर्ज था, वर्तमान में मोहन यादव की सरकार में 27 हजार करोड़ रूपय कर्ज का ब्याज अदा कर रही है। ऐसे में रोजगार गारंटी योजना में 40 प्रतिशत की राशि मध्यप्रदेश सरकार कहा से देगी। केन्द्र सरकार का यह निर्णय महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना को पूरी तरह से खत्म करने के लिए लिया गया है।

श्री मरावी ने आगे कहा कि मृतको के परिजनों को सम्मान जनक राहत राशि देना चाहिये, बीमारों का ईलाज सरकार को कराना चाहिये, पूरे प्रदेश में इस तरह के घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए सर्तक रहना अति आवश्यक है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजिक अकील द्वारा पत्रकारो के द्वारा पूछे गये प्रश्न के जवाब में कहा गया कि कांग्रेस पार्टी सिवनी में इस तरह की कोई घटना न घटे, पानी की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये इस संबंध में जिला कलेक्टर, नगरपालिका अध्यक्ष और मुख्य नगरपालिका अधिकारी से चर्चा कर पाईप लाईन और पानी टंकी, फिल्टर प्लांट की नियमित सफाई एवं जलापूर्ति के माध्यम से पानी की नियमित जांच कराने की मांग की गई। इस अवसर पर मोहनसिंह चंदेल, शिवसनोडिया, आदित्य मोन्टू भूरा, यशपाल भलावी, तनवीर अहमद, फिरोज खान, शिवदीप डहेरिया, सोहेल अमन खान, धनंजयसिंह, ऋषभ ठाकुर, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार गण बडी संख्या में उपस्थित हुये।

## नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को तत्काल हटाये

इंदौर के भागीरथपुरा में इंदौर नगर निगम की लापरवाही के कारण दूषित जल पीने से 18 लोगो की मौत हो गई है यह संख्या बढ़ भी सकती है और सैकड़ो लोग बीमार हो गए है, सरकार द्वारा लगातार इस संवेदनशील मामले में झूठ बोला गया, मृत 18 लोगो के परिवार को 2-2 लाख रूपय की राहत राशि दी गई और म.प्र. सरकार ने आधिकारिक तौर पर मरने वालों की संख्या 8 बतायी गई है बीमार की संख्या भी कम बताई गई है, इंदौर नगर निगम के भागीरथपुरा में पार्षद, विधायक, सांसद, मंत्री सभी भाजपा से निर्वाचित जनप्रतिनिधि है सरकार द्वारा इन पर कोई जिम्मेदारी नही डाली गई सिर्फ आयुक्त, अधीक्षण यंत्री, उपयंत्री का तबादला, कार्यवाही कर मामले को दबाने की कोशिश की गई, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पत्रकारो को ठीक तरह जवाब देने के बजाय पूरी दादागिरी के साथ अपशब्दो का प्रयोग किया गया, दूषित जल पीने से हुई इतनी अधिक मौतो के बाद भी सत्ता का घमंड नही गया, यदि भाजपा में थोडी सी भी शर्म बची है तो कैलाश विजयवर्गीय को तत्काल मंत्री पद से हटा देना चाहिये।



# नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की

▸ **श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर जमकर नाचे श्रद्धालु**

**सिवनी, नवभारत।** उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज स्थित द बीकान स्कूल ग्राउंड, परतापुर रोड पर आयोजित भागवत कथा एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग माहात्म्य के चतुर्थ दिवस पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कथावाचक कथा व्यास आचार्य शुभम कृष्ण शास्त्री (छोटे सरकार), श्रीधाम वृंदावन ने श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए जीवन का गूढ़ संदेश दिया।

कथा व्यास आचार्य शुभम कृष्ण शास्त्री ने प्रवचन में कहा कि व्यक्ति को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। उन्होंने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तब भगवान श्रीकृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब माता देवकी गर्भवती हुईं, तो उन्हें अपनी संतान के जीवन की चिंता सताने लगी। भगवान की लीलाएं अत्यंत रहस्यमयी हैं, जिन्हें वे स्वयं ही समझ सकते हैं।शास्त्री महाराज ने भावविभोर करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही कारागार के सभी बंधन टूट गए, पहरेदार निद्रा में चले गए और भगवान योगमाया की लीला से गोकुल पहुंच गए। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं।जैसे ही कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा की, बाल गोपाल का पालना झुलाया और भजन-कीर्तन पर भक्ति में लीन होकर नृत्य किया।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स के आयोजन को लेकर बैठक



**सिवनी, नवभारत।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार ''खेलो एमपी यूथ गेम्स'' के आयोजन हेतु 9 जनवरी को श्रीमती शीतला पटले, कलेक्टर महोदया की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित एजेंडा अनुसार बैठक आयोजित की गई ।

उक्त आयोजित बैठक में श्री सुनील मेहता पलिस अधीक्षक सिवनी, श्रीमती मनु धुर्वे, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला जन संपर्क अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिवनी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी तथा जिला खेल संघों के पदाधिकारी , शिक्षा विभाग व जन जातीय कार्य विभाग के खेल प्रशिक्षक, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपसिथत रहें। आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार विकासखंड में लखनादौन में 12 एवं 13 जनवरी, कुरई में 15 एवं 16 जनवरी, सिवनी में 16 एवं 17 जनवरी, छपारा में 13 एवं 15 जनवरी , केवलारी में 14, 15 एवं 16 जनवरी, घंसौर में 16 एवं 17 जनवरी , धनौरा में 15 एवं 16 जनवरी तथा बरघाट 14, 15 एवं 16 जनवरी विकासखंड स्तरीय चयन/ट्रायल का आयोजन तथा दिनांक 15 जनवरी को टेनिस खेल व दिनांक 16 जनवरी को मलखंब में जिला स्तरीय चयन स्पर्धा आयोजित की जावेगी तथा शेष अन्य 19 खेल में हॉकी, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, खो-खो, तैराकी, टेबल-टेनिस, कुश्ती, जूडो, शतरंज, वेटलिफ्टिंग, फुटबॉल, वालीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, पिट्ठु, बास्केटबॉल, योगासन, रस्साकसी, कबड्डी में जिला स्तरीय ट्रायल/चयन स्पर्धा का आयोजन 18 एवं 19 जनवरी को सर्व संबंधित जिला खेल संघों के सहायोग से आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त सभी खेल के ट्रायल/चयन स्पर्धा हेतु विकासखंडों में उपलब्ध खेल मैदान में तथा जिला मुख्यालय में बड़ी पुलिस लाईन, मिसन स्कूल, हॉकी स्टेडियम, फुटबॉल स्टैडियम, श्री महावीर व्यायाम शाला, मार्डन स्कूल एवं द रायॅल ई-कोल स्कूल में आयोजित कराया जाना है। ट्रायल/चयन स्पर्धा में शामिल होने के पूर्व प्रतिभागी खिलाड़ी का पंजीयन होना अनिवार्य है। पंजीयन ना होने की स्थिति में खिलाड़ी ऑफ लाईन फार्म भरकर विकासखंड स्तर में शामिल हो सकता है, किंतु जिला स्तर में शामिल होने के पूर्व ऑन लाईन पंजीयन अनिवार्य है क्योकि विकासखंड से चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तर हेतु ऑन लाईन अग्रेषित किया जायेगा। इसी प्रकार अगले उच्च स्तर पर चयन होने की स्थिति में चयनित खिलाड़ियों को अगले उच्च स्तर में भी ऑनलाईन फार्वड किया जावेगा। ऐसी स्थिति में ऑन लाईन पंजीयन ना होने पर खिलाड़ी का उच्च स्तर में शामिल होना सभव नहीं होगा। अतः विकासखंड से चयनित समस्त खिलाड़ियों का उक्त लिंक के माध्यम से पंजीयन होना अनिवार्य है, पंजीयन हेतु जन्म प्रमाण पत्र अथवा 10 वीं बोर्ड क्लास की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साईज का फोटो ऑनलाईन संलग्न/ अपलोड करना होगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं कलेक्टर महोदया ने बैठक के अंत में बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करने के साथ ही निष्पक्ष रुप से जिले से प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किये जाने की अपेक्षा करते हुये आपसी समन्वय के साथ सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न किये जाने हेतु शुभकामनायें प्रेषित की।



# मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया ज्ञापन

**सिवनी , नवभारत।** मध्यप्रदेश स्थाईकर्मी संघ भोपाल के प्रांतीय आवाहन पर बुधवार, 7 जनवरी 2026 को मध्यप्रदेश स्थाईकर्मी संघ जिला सिवनी के नेतृत्व में जिले में मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया।मध्यप्रदेश स्थाईकर्मी संघ जिला सिवनी के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सनोडिया ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के स्थाईकर्मियों, दैनिक वेतनभोगियों एवं अंशकालीन कर्मचारियों से जुड़ी वर्षों से लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग सरकार के समक्ष रखी गई।ज्ञापन में प्रमुख रूप से प्रदेश के स्थाईकर्मियों को पुनरीक्षित (सातवां) वेतनमान प्रदान करने, शासकीय कर्मचारियों के समान चिकित्सा अवकाश की सुविधा, चिकित्सा देयकों की स्वीकृति एवं भुगतान (चिकित्सा प्रतिपूर्ति) तथा अनुग्रह राशि जैसी समस्त मूलभूत सुविधाएं प्रदान किए जाने की मांग की गई।

संघ का कहना है कि समान कार्य के लिए समान सुविधाएं न मिलने से स्थाईकर्मियों में असंतोष व्याप्त है।इसके अलावा ज्ञापन में प्रदेश के दैनिक वेतनभोगी एवं सुरक्षा श्रमिकों की योग्यता और अनुभव को ध्यान में रखते हुए रिक्त पदों की भर्ती में उन्हें प्राथमिकता दिए जाने तथा उन्हें नियमित किए जाने की मांग उठाई गई। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारियों को अब स्थायित्व मिलना चाहिए।वहीं अंशकालीन कर्मचारियों की स्थिति पर भी ध्यान आकर्षित करते हुए उन्हें पूर्णकालिक मानते हुए उनकी सामाजिक व आर्थिक परिस्थितियों को दृष्टिगत कर कलेक्टर दर पर दैनिक वेतनभोगी के पद पर नियुक्त किए जाने की मांग रखी गई।संघ पदाधिकारियों ने बताया कि यह ज्ञापन पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में सौंपा गया ।



# लालजीराम के नेतृत्व में सक्षम कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन

**सिवनी, नवभारत।** जिले अंतर्गत पांचों आदिवासी विकासखण्ड में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम आज जनजातीय विकासखंडों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा दे रहा है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग लालजीराम मीणा के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में यह कार्यक्रम अत्यंत प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।सक्षम कार्यक्रम जिला प्रबंधक गौतम कुमार के द्वारा बताया गया की सक्षम कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में जीवन कौशल, नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास एवं व्यवहारिक ज्ञान का विकास करना है।

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिएसक्षम की टीम द्वारा शिक्षकों को निरंतर मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं मॉनिटरिंग प्रदान की जा रही है। सहायक आयुक्त के नेतृत्व में कार्यक्रम की नियमित समीक्षा और निर्णय प्रणाली ने इसके क्रियान्वयन को और अधिक मजबूत बनाया है। जनजातीय क्षेत्र के सभी पांचों विकासखंडों के संदीपनी विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय, माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर विद्यालय में कक्षा 6 से 12,एवं समस्त माध्यमिक शालाओं सक्षम कार्यक्रम का बेहतर संचालन देखने को मिल रहा है। विद्यालयों में सत्रों की नियमितता, शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी तथा विद्यार्थियों की बढ़ती रुचि इस बात का प्रमाण है कि सक्षम कार्यक्रम जमीनी स्तर पर प्रभाव छोड़ रहा है। शिक्षकों द्वारा विद्यालय मे सक्षम सत्रों के संचालन, के साथ-साथ बहुत सारे नवाचार भी किये जा रहे है, जिससे बच्चों के व्यक्तित्व विकास में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। इसके साथ ही विभागीय अधिकारियों, ब्लॉक स्तरीय टीमों एवं शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। यह टीमवर्क सहायक आयुक्त लालजीराम के नेतृत्व की एक बड़ी उपलब्धि है, जिसने कार्यक्रम को गति और दिशा दोनों प्रदान की है। कुल मिलाकर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के सशक्त नेतृत्व में सक्षम कार्यक्रम जनजातीय विकासखंडों में शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभर रहा है। आने वाले समय में यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# खबरे हमें अपनी कमियों को दूर करने का अवसर देता है : विधायक

श्रमजीवी पत्रकार परिषद का जिला स्तरीय सम्मेलन





**सिवनी, नवभारत।** सोशल मीडिया के बीच में आपको सर्ववाईव करना है और आप लोगों को आगे बढ़ना है। आप हमारे परिवार के सदस्य है, सभी अपने तरीके से कार्य करते है। मैंने कभी नहीं माना की आप पत्रकार है मैं नेता हूं। तथ्यात्मक खबरे हमें अपनी कमियों को दूर करने का अवसर देता है, कमियां दिखाना भी एक कला है। आपकी खबरों से हम जनता के प्रति सजग रहते है। आपका एक महत्व व सम्मान आज भी बरकरार है इस बात को हम समझते है, जानते है। इस आशय की बात 07 जनवरी बुधवार को राशि लॉन में आयोजित राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन ने कहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती व देवऋर्षि नारद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल्लन व माल्यार्पण से किया। सरस्वती वंदना परिषद के संस्कृतिक प्रभारी श्री संजय जैन संजू ने प्रस्तुत की। मंचीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन, विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री सुजीत जैन, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता, परिषद के राष्ट्रीय संयोजकनलिनकांत बाजपेयी, राष्ट्रीय सचिव देवशंकर अवस्थी, प्रदेश मुख्य महासचिव श्री विलोक पाठक, प्रदेश संगठन महासचिव श्री अनुरोध पटेरिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उमेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता चंद्रशेखर शर्मा, प्रदेश महासचिव समाज कल्याण प्रकोष्ठ तरूणकुमार सोनाने, प्रदेश प्रभारी शिवकुमार तिवारी, गृहनिर्माण समिति प्रदेश प्रभारी सुदेश कामले, संभागीय उपाध्यक्ष शिव चौरसिया, प्रदेश सचिव संतराम काम्बरे, सतीश अग्रवाल,मंचासीन रहे। साथ ही परिषद के जिला अध्यक्ष श्री शरद दुबे, पूर्व अध्यक्ष श्री सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा, वरिष्ठ पत्रकार श्री ओपी दुबे भी मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों का परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शाल-श्रीफल व फूलमालाओं से स्वागत किया। परिषद के उपाध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। इंटरनेट मीडिया की चुनौतियों तथा गांव व तहसील से पहुंचे पत्रकारों के संबंध में अपनी बात रखी।

श्री राय ने आगे कहा कि पत्रकार भवन बनाने की मांग पर कई वर्षों से चर्चा हो रही है। मेरे पास भी यह विषय कई बार आ चुका है, मैं 10 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा भी कर चुका हूं, लेकिन जमीन नहीं मिलने के कारण कार्यालय नहीं बन पाया है। कोई भी जगह निर्धारित कर ले, ताकि जल्द से जल्द पत्रकारों को अपना स्वयं का भवन मिल सके।

### जब बात सिवनी के विकास की आये तो सदन को एक होना चाहिए : सुजीत जैन

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री सुजीत जैन ने कहा कि समाज व शासन-प्रशासन के प्रति आपकी क्या भूमिका होना चाहिए यह मुझे बताने की आवश्यकता नहीं है, इस बात से आप भलिभांति परिचित है। पर जब बात सिवनी के विकास की आये तो, बात जब सिवनी को जो चाहिए उसकी आये तो मैं चाहता हूं की सम्मानीय संदन एक होना चाहिए, वहां पर किन्तु परंतु नहीं होना चाहिए। उन्होने सफल आयोजन के जिला इकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों की एकजुटता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

### श्रमजीवी बनना कोई आसान काम नहीं : एसपी

पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता ने कहा कि श्रमजीवी बनना कोई आसान काम नहीं है। मैं दाबा करता हूं कि इस दुनिया में ऐसा कोई पेशा नहीं है जिसमें कठनाईयां ना हो, लेकिन इस पेशे की कुछ विशेषताएं है आपकी कुछ जिम्मेदारियां है वो आपके आदर्श के रूप में आपके सामने है। आपका अपना ओदा है आपका अपना प्रभाव है। इसी बनाये रखना आपकी जिम्मेदारी है।

### तथ्यात्मक खबरे प्रशासन की मददगार बनती है : कलेक्टर

श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि आपकी खबरे लोगों को एजुकेट करने का कार्य करती है। समस्याओं से भी आप प्रशासन को अवगत कराते है। आप लोगों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण व संजिदा है, जिसकी समाज को सबसे अधिक आवश्यकता है। इसलिए पत्रकारिता को चौथा स्तभ कहा जाता है। इसलिए जरूरी भी है कि पत्रकारिता मजबूत हो और उनके कठिन परिश्रम को सम्मान मिले। उनके अथक प्रयासों को सम्मान दिया जाये। ब्रेक्रिंग न्यूज की होड़ होती है जिससे मुश्किले बढ़ी है। हम तक सही तथ्यात्मक खबर पहुंचेगी तो उस पर काम करने में प्रशासन को मदद मिलेगी। प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक ने बताया कि परिषद पत्रकारों की सुरक्षा व हितों के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कई विषयों को परिषद ने प्रमुखता से उठाया है पत्रकारों के खिलाफ षड्यंत्र करने वालों पर कार्यवाहियां भी हुई है। प्रदेश प्रवक्ता श्री चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि पत्रकारों को स्वयं का आवास दिलाने के लिए परिषद निरंतर प्रयासरत है। इस विषय पर मध्यप्रदेश सरकार से परिषद की चर्चा चल रही है। श्री अनुरोध पटेरिया ने भी संगठनात्म विषयों को रखा। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय संयोजक श्री नलिनकांत बाजपेयी ने सफलता पूर्वक कार्यक्रम पर जिला कार्यकारिणी व अध्यक्ष श्री शरद दुबे को बधाई दी, साथ ही पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा को प्रदेश सचिव व श्री प्रशांत शुक्ला को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत करने की घोषणा मंच से

### स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

कार्यक्रम कुशल मंच संचालन खेल शिक्षक श्री संदीप मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर मंचासीन अतिथियों ने परिषद की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजन में विशेष सहयोग के लिए भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल का परिषद की ओर से शॉल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री अयोध्या विश्वकर्मा का भी शॉल-श्रीफल एवं फूलमाला से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष श्री शरद दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सहयोगियों, इकाई के पदाधिकारियों व सदस्यों के प्रति आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद के शानू पाशा, संतीश शर्मा, संदीप ठाकुर, विनोद सोनी, राधेश्याम सनोडिया, गोपाल चौरसिया, लोकेश उपाध्याय, श्याम सोनी, संतोष दुबे, महेन्द्र सनोडिया, आशीष गुप्ता, नरेन्द्र सोनी, रवि सनोडिया, राजू तिवारी, राकेश मालवीय, विष्णु शर्मा, अनिल दामड़ें, अयुब कुरैशी, चेतन गांधी, हसीब मोहम्मद, सुनील बंदेवार, गगन विश्वकर्मा, मुकेश सेन का योगदान रहा।